# University in News on 18 May 2020

HINDUSTAN Page 3

## एलयू : अब 13 जून तक करें आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2020-21 के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब 13जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। यह जानकारी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दी।

कुलपति ने बताया कि लॉकडाउन होने के कारण ग्रामीण परिवेश के छात्रों को आवेदन करने में काफी दिक्कतें आ रही है। इसको देखते हुए आवेदन की प्रक्रिया को बढ़ाने का निर्णय किया गया है। बता दें, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यह आवेदन 20 मई तक लिए जाने थे।

i-Next Page 4

## एलयू में अब 13 जून तक होंगे आवेदन

**LUCKNOW :** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सेशन 2020-21 के यूजी-पीजी एडमिशन के लिए चल रहे ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को बढ़ा दिया है. आवेदन की प्रक्रिया 20 मई को समाप्त हो रही थी, लेकिन लॉकडाउन 4 को देखते हुए एलयू प्रशासन ने आवेदन की प्रक्रिया को 13 जून तक कर दिया गया है. यह जानकारी वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने दी. उन्होंने बताया कि लॉकडाउन होने के कारण ग्रामीण परिवेश के छात्रों को आवेदन करने में काफी दिक्कतें आ रही हैं. इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है.

PIONEER Page 4

## एलयू में दाखिले के लिए अब 13 जून तक होंगे आवेदन

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सेशन 2020-21 के यूजी-पीजी एडमिशन के लिए चल रहे ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को बढ़ा दिया है। एलयू में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया 20 मई को समाप्त हो रहा था पर लॉकडाउन फोर की संभावनाओं को देखते हुए एलयू प्रशासन ने आवेदन की प्रक्रिया को आगामी 13 जून तक के लिए विस्तारित कर दिया है। यह जानकारी एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने दी। उन्होंने बताया कि लॉकडाउन होने के कारण ग्रामीण परिवेश के छात्रों को आवेदन करने में काफी दिक्कतें आ रही है। इसी को देखते हुए आवेदन की प्रक्रिया को बढ़ाने का निर्णय किया गया है।